# प्रिंस हैरी और मेगन मर्केल को डोनाल्ड ट्रंप ने दिया झटका

न्यूज डायरी



## अमेरिका में दो दिन में मौतें डबल, 9/11 सी भाग रही एम्बुलेंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। कोरोना वायरस के कहर से अमेरिका में हालात अब बेहद खराब होते जा रहे हैं। मात्र दो दिन में ही मौतों का आंकड़ा दो गुना हो गया है। आलम यह है कि इस महामारी से बेहद प्रभावित न्यूयॉर्क शहर में एम्बुलेंस 9/11 हमले की तरह से सड़कों पर भाग रही हैं। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि आने वाले दो सप्ध्ताह में देश में सबसे ज्यादा मौतें होंगी। बताया जा रहा है कि मौतों का यह आंकड़ा दो लाख को पार कर सकता है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप के सलाहकारों ने कहा है कि कोरोना वायरस से कम से कम दो लाख लोगों की जान जा सकती है। वह भी तब जब अमेरिका इस वायरस को रोकने के लिए बेहद कड़े उठाएगा। नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एलर्जी ऐंड इन्फेक्शन डिजिज के डायरेक्टर डॉ. एंथनी फौसी का अनुमान बेहद डराने वाला है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में अमेरिका में लाखों लोग कोविड19 की चपेट में आ जाएंगे।

## पाकिस्तान के कराची शहर में हिंदुओं को राशन देने से किया इनकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान को रियासत–ए–मदीनाश का बनाने का वादा करने वाली इमरान खान सरकार कोरोना महामारी के बीच हिंदुओं को राशन नहीं दे रही है। घटना इस महामारी से बेहद प्रभावित सिंध प्रांत के कराची शहर की है। कोरोना संकट को देखते हुए यहां पर मुसलमानों को राशन और जरूरी सामान दिया जा रहा है लेकिन हिंदुओं को मना कर दिया गया है। हिंदुओं से कहा गया है कि यह राशन केवल मुस्लिमों के लिए है। इससे हिंदुओं में काफी गुस्ध्सा है। सिंध सरकार ने आदेश दिया है कि लॉकडाउन को देखते हुए दिहाड़ी कामगारों और मजदूरों को स्थानीय एनजीओ और प्रशासन की ओर से राशन दिया जाए। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के मुताबिक सरकारी आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए प्रशासन हिंदुओं से कह रहा है कि वे राशन के हकदार नहीं है।

## चीन की वेई गुजियान, जिससे पूरी दुनिया में फैला कोविड–19

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चीन के हुबेई प्रांत के वुहान से फैले जानलेवा कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया है। 30 हजार से ज्यादा लोगों की इस खतरनाक वायरस से मौत हो चुकी है और लाखों बीमार हैं। इस बीच, कोरोना के पहले मरीज की पहचान हो गई है। माना जा रहा है कि इसी मरीज से पहले हुबेई और फिर पूरी दुनिया में यह खतरनाक वायरस फैल गया। चीन के बदनाम हन्नान बाजार में समुद्री केकड़ा बेचने वाली 57 वर्षीय महिला वेई गुजियान कोरोना की पहली मरीज थीं। वुहान म्युनिसिपल हेल्थ कमिशन ने पुष्टि की है कि वेई उन 27 मरीजों में थीं जिसका कोविड–19 का टेस्ट पॉजिटिव आया था। 10 दिसंबर को वेई को सर्दी–जुकाम की शिकायत। वह वुहान में एक स्थानीय क्लीनिक में गईं। उन्हें सामान्य फ्लू का एक इंजेक्शन दिया गया।

## मौत का आंकड़ा 31,000 के पार, दुनियाभर में ऐसे लड़ी जा रही यह मुश्किल जंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पैरिस। दुनियाभर में कोरोना वायरस के संक्रमण से मरने वालों की संख्या रविवार को 31,412 पहुंच गई। दिसबंर में चीन में संक्रमण की पहली खबर आने के बाद से अबतक 183 देशों के 6,67,090 लोग कोरोना वायरस की चपेट में हैं। राहत की बात यह भी है कि इनमें से 134,700 ठीक होकर अपने घरों को जा चुके हैं। हालांकि, माना यह भी जा रहा है कि वास्तव में संक्रमित लोगों की संख्या इससे कहीं अधिक है क्योंकि कई देशों में केवल उन्हीं मरीजों की जांच की जा रही है जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत है। इटली में कोरोना वायरस से पहली मौत फरवरी में हुई थी और अबतक यहां की सरकार 10,023 लोगों की मौत की पुष्टि कर चुकी है। इटली में 92,472 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं जिनमें से 12,384 ठीक हो चुके हैं।

**झटका**

ट्रंप के इस बयान के बाद शादी जोड़े ने भी पलटवार किया

### अमेरिकी सरकार राजकुमार प्रिंस और मेगन की सुरक्षा का खर्च नहीं उठाएगी



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। ब्रिटेन में शाही महल छोड़कर अमेरिका में घर बसाने का सपना देखने वाले ब्रिटेन के राजकुमार प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तगड़ा झटका दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि उनकी सरकार राजकुमार प्रिंस और मेगन की सुरक्षा का खर्च नहीं उठाएगी। ट्रंप के इस बयान के बाद शादी जोड़े ने भी पलटवार किया है। शाही दंपति के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी सरकार से सुरक्षा का खर्च मांगने की उनकी कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि शाही जोड़े की सुरक्षा के लिए निजी तौर पर इंतजाम किया गया है। इससे पहले अपने ट्वीट में ट्रंप ने कहा था, मैं महारानी और ब्रिटेन का बहुत बड़ा प्रशंसक और मित्र हूं। ऐसा कहा जा रहा है कि शाही परिवार को छोड़ने वाले हैरी और मेगन हमेशा के लिए कनाडा में रहेंगे। हालांकि उन्होंने अब अमेरिका के लिए कनाडा छोड़ दिया है। अमेरिका उनकी सुरक्षा का खर्च नहीं उठाएगा। उन्हें निश्चित तौर पर अपनी सुरक्षा का खर्च देना होगा।

**अमेरिकी राष्ट्रपति के ट्वीट के बाद बवालः** ट्रंप के इस ट्वीट के बाद ब्रिटेन और अमेरिका में बवाल मच गया। बताया जा रहा है कि शाही जोड़े की सुरक्षा में हमेशा 9 ब्रिटिश सुरक्षा अधिकारी रहेंगे। इस पर हर साल करीब 80 लाख पाउंड का खर्च आएगा। इस खर्च को ब्रिटिश करदाताओं को वहन करना पड़ेगा। उन्हें कनाडा की पुलिस से भी मदद मिलेगी। शाही सूत्रों ने बताया कि अगर हैरी और मेगन अमेरिकी अत्यंत प्रशिक्षित सुरक्षा एजेंसी सीक्रेट सर्विस की सिक्यॉरिटी चाहते हैं तो उन्हें विदेश विभाग से अनुरोध करना पड़ेगा। सीक्रेट सर्विस विदेशी राजनयिकों की सुरक्षा करती है। विदेश विभाग से अनुरोध के बाद ट्रंप को सुरक्षा देने पर फैसला लेना होगा। माना जा रह है कि इसी को देखते हुए ट्रंप ने ट्वीट करके यह स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिकी सरकार शाही जोड़े की सुरक्षा का खर्च नहीं उठाएगी। इस बीच अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि प्रिंस और हैरी ने निजी तौर पर क्या सुरक्षा इंतजाम किया है।

**प्रिंस हैरी का शाही विरासत छोड़ने का फैसलाः** इससे पहले महारानी एलिजाबेथ के पोते और ब्रिटेन के प्रिंस हैरी ने अपनी अमेरिकन पत्नी डचेस ऑफ ससेक्स मेगन मर्केल के साथ मिलकर शाही विरासत छोड़ने का फैसला किया था। प्रिंस हैरी ने कहा कि वह और उनकी पत्नी ब्रिटेन के शाही परिवार के वरिष्ठ सदस्य के पद से अलग हो रहे हैं और अब आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के लिए काम करेंगे।

## चीन के वुहान में 3200 नहीं 42 हजार लोगों की हुई मौत?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वुहान। चीन के वुहान शहर में कोरोना वायरस से कितनी मौतें हुईं, इसको लेकर रहस्य गहराता जा रहा है। वुहान के स्ध्थानीय लोगों का मानना है कि चीनी अधिकारियों के दावे के विपरीत यहां पर कम से कम 42 हजार लोगों की कोरोना वायरस से मौत हुई। इससे पहले चीन के अधिकारियों ने दावा किया था कि वुहान में मात्र 3200 लोगों की मौत हुई थी।

चीन के हुबेई प्रांत के वुहान शहर की मार्केट से शुरू हुए कोरोना वायरस से चीनी अधिकारियों के मुताबिक अब तक पूरे देश में 3300 लोगों की मौत हो गई जबकि 81 हजार लोग संक्रमित हुए हैं। इनमें से 3,182 लोगों की केवल हुबेई प्रांत में मौत हुई। इस बीच वुहान के स्थानीय नागरिकों ने दावा किया है कि 500 अस्थि कलश हर दिन मृतकों के परिवारों वालों को दिया जा रहा है।

**हरेक 24 घंटे में 3500 लोगों को अस्थि कलशः** अस्थि कलश देने का यह सिलसिला सात अलग–अलग अंतिम संस्कार स्थलों से जारी है। इस आंकड़े से अनुमान लगाएं तो हरेक 24 घंटे में 3500 लोगों को अस्थि कलश दिए गए। हांकू, वुचांग और हनयांग में लोगों को कहा गया है कि उन्ध्हें 5 अप्रैल तक अस्थि कलश दिए जाएंगे।



## पाकिस्तान में 1500 से ऊपर पॉजिटिव, धीमी टेस्टिंग पर उठे सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में कोरोना वायरस का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। इसकी चपेट में आने वालों की संख्या बढ़कर 1566 हो गई है। वहीं, बताया गया है कि देश में कोरोना के संदिग्ध मामलों की संख्या 12 हजार से भी अधिक है। जंग अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, बीते 24 घंटों में तीन और मौतों के बाद रविवार शाम तक पाकिस्तान में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई। देश के सभी प्रांतों में इस बीमारी के नए मामलों का सामने आना जारी है और इनकी संख्या अब 1566 तक जा पहुंची है। द न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में अस्पतालों और आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया है कि देश में इस समय बारह हजार से अधिक लोगों को कोरोना के शक में आइसोलेशन में रखा गया है।

# चीन में मना कोरोना वायरस पर जीत का जश्न

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। कोरोना वायरस के कहर से दुनिया जूझ रही है लेकिन चीन में इस महामारी पर जीत का जश्न खरगोश और बत्तख का मांस खाकर मनाया गया। यही नहीं एक बार फिर से चीन में चमगादड़ों की बिक्री धड़ल्ले से शुरू हो गई है। यह वही चीन है जिसके वुहान शहर से कोरोना वायरस दुनियाभर में फैल गया। माना जाता है कि पैंगोलिन से चमगादड़ के रास्ते कोरोना वायरस इंसान के शरीर में प्रवेश कर गया।

डेली मेल के मुताबिक शनिवार को चीन में कोरोना वायरस पर जीत का जश्न मनाया गया। इस दौरान

### खरगोश के खून से सनी छतें, बिकने लगे चमगादड़

कुत्ते, बिल्ली, खरगोश और बत्तख के खून से घरों की छतें लाल हो गईं। हर तरफ मरे हुए जानवरों के अवशेष नजर आए। इस जश्न के लिए चीन में बेहद गंदे मीट मार्केट को फिर से खोल दिया गया। तीन महीने पहले वुहान में इसी तरह की एक मीट मार्केट से कोरोना वायरस इंसानों में फैल गया।

**दुनियाभर में अब तक 34 हजार लोग मारे गएः** चीन की इस गलती का खामियाजा आज दुनिया के 3 अरब लोग भुगत रहे हैं। इस महामारी से दुनियाभर में अब तक 34 हजार लोग मारे गए हैं और 7,23,434 लोग संक्रमित हैं। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि कोरोना वायरस से आने वाले समय में लाखों लोग मारे जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि दक्षिण पश्चिम चीन में गुइलिन इलाके में हजारों लोग मीट मार्केट पहुंच गए और वहां खुले में बिक रहे मांस और जिंदा जानवरों को खरीदा।

बाजारों में पिंजड़े में विभिन्न प्रजातियों के जानवर रखे गए हैं और उन्हें बेचा जा रहा है। चीनी बाजारों में अभी चमगादड़ों को बेचने का सिलसिला जारी है। एक अन्य बाजार में चमगादड़, बिच्छू और अन्य जानवरों को बेच रहे हैं। यह नजारा उस समय देखने को मिला जब चीन ने देशभर में जारी लॉकडाउन हटा लिया है।

## उत्तर कोरिया ने 'बहुत बड़े' रॉकेट लांचर का परीक्षण किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। परमाणु शक्ति से लैस उत्तर कोरिया ने 'बहुत बड़े' रॉकेट लांचर का सफल परीक्षण किया है। सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। हालांकि इन खबरों में यह नहीं कहा गया है कि परीक्षण उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की देखरेख में हुआ क्योंकि विश्लेषकों का कहना है कि प्योंगयांग इन परीक्षणों को बहुत सामान्य दिखाना चाहता है। उत्तर कोरिया इस महीने में इस तरह के चार परीक्षण कर चुका है। सारी दुनिया जहां कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए संघर्ष कर रही है वहीं उत्तर कोरिया का दावा है कि उसके यहां कोविड–19 का एक भी मामला नहीं है।

आमतौर पर आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) इस तरह के परीक्षणों में किम जोंग उन का नाम जरूर लेती है लेकिन रविवार के परीक्षण की अपनी रिपोर्ट में उसने किम का नाम नहीं लिया। इसके उलट एजेंसी ने कहा कि परीक्षण का नेतृत्व सत्तारूढ़ दल के उपाध्यक्ष री प्योंग चोल ने किया और यह परीक्षण एकेडमी ऑफ नेशनल डिफेंस साइंस ने किया।